राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राजुवास बीकानेर ने राज्यपाल राहत कोष में दिया 51 लाख रुपये का सहयोग

## कोरोना टीकाकरण एवं सहायता कार्यों के लिए दी राशि

जयपुर, 4 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलपति प्रो. विष्णु शर्मा ने शुक्रवार को यहां राजभवन में भेंट कर 51 लाख रुपये का चेक राज्यपाल राहत कोष के लिए सौंपा। विश्वविद्यालय द्वारा यह राशि कोरोना महामारी से बचाव हेतु टीकाकरण एवं अन्य सहायता कार्यों के लिए स्वयं के स्तर पर तथा संबद्ध महाविद्यालयों में स्वैच्छिक अंशदान अभियान चलाकर एकत्रित की गई है ।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कोरोना के इस विकट दौर में बचाव हेतु टीकाकरण एवं राहत में सहयोग के लिए इस योगदान की सराहना की है। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं, ट्रस्ट आदि से भी इस कार्य के लिए सहयोग का आह्वान किया है।

——